सार-समाचार

क्रिकेट टूर्नामेंट 28 अक्टूबर से

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर कस्बे में युवा भारती स्टेडियम में दाधीच समाज नवयुवक मंडल की ओर से दिनांक 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा आयोजन करता दाधीच समाज के नवयुवक मंडल के विनय गणेश, पीयूष ,इंद्राज पंकज एव हिमांशु दाधीच ने बताया विजेता टीम 1 लाख रुपए नगद राशि ट्रॉफी भेंट की जाएगी उपविजेता टीम को 51 हजार रुपए ट्रॉफी भेंट की जाएगी साथ ही मैन ऑफ द सीरीज मैन ऑफ द बॉलर आदि का भी सम्मान किया जाएगा साथ ही बाहर से आने वाली टीमों के लिए खाने की रहने की आदि व्यवस्था निशुल्क रहेगी इस आयोजन को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच के निवास स्थान पर फोल्डर का विमोचन किया गया जिसमें विप्र फाउंडेशन दिल्ली के प्रदेश सचिव मनोज दाधीच, रमेश दाधीच, प्रदीप दाधीच आदि के सानिध्य में फोल्डर का विमोचन किया गया इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा समाज में इस तरह की प्रतियोगिता होनी चाहिए जिससे आपस में प्रेम भावना बढ़ती है साथ ही शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है उन्होंने आयोजन करता को सभी को बधाई देते हुए कहा कि सभी यह आयोजन मिलजुल कर सफल बनाएं इस अवसर पर विनय दाधीच,सुरेन्द्र दाधीच, शिवांशु दाधीच, पीयूष दाधीच, इंद्राज शर्मा, हिमांशु दाधीच और पंकज दाधीच आदि उपस्थित थे।

व्याख्याता पवन आलड़िया सम्मानित

झुंझुनूं, (निसं)। शिक्षक दिवस के अवसर पर चौमूं में आयोजित कार्यक्रम में जिले के शिक्षक पवन आलड़िया को राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुबीर कुमार गुप्ता, डॉ. सुनिता दामिनी, मानव जन जागृति संस्थान जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष सौदागर कांदेला, चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने संयुक्त रूप से सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर व्याख्याता पवन आलड़िया का अभिनंदन किया। क्यामसार निवासी पवन आलड़िया वर्तमान में शहीद राजेश कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झांझोत में कार्यरत है तथा विगत 10 वर्षों से शैक्षिक नवाचार और समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। जिले में ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए उनके द्वारा चलाई जा रही मुहिम ग्रामीण प्रतिभा तलाश और कॅरिअर सेमिनार ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए एक अनूठी पहल है। जिससे अभी तक 50 हजार से अधिक ग्रामीण प्रतिभाएं लाभान्वित हो चुकी है।

नरेश विप्र सेना के तहसील अध्यक्ष बने

सूरजगढ़, (निसं)। ब्राह्मण समाज से जुड़े विप्र सेना और पुजारी महासंघ के पदाधिकारी शुक्रवार को सूरजगढ़ के दौरे पर आए।ब्राह्मण सभा भवन में ब्राह्मण सभा अध्यक्ष विनोद शर्मा की अगुवाई में संगठनों के पदाधिकारियों का स्वागत और सम्मान किया गया। इस दौरान ब्राह्मण सभा में आयोजित कार्यक्रम में विप्र सेना और पुजारी महासंघ के तहसील अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में विप्र सेना प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बसावतिया, जिलाध्यक्ष गुलझारीलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद शर्मा, पुजारी महासंघ के जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी, खांडल विप्र महासंघ जिलाध्यक्ष विकास शर्मा, समाजसेवी रामचंद्र शर्मा, भंवरलाल शर्मा का ब्राह्मण सभा अध्यक्ष विनोद शर्मा, मंत्री राजेंद्र शर्मा व स्थानीय विप्र बंधुओं ने दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। इस दौरान समाज में व्याप्त कुरीतियों के परित्याग के साथ ही समाज के विकास व उत्थान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान आचार्य नरेश महमिया को विप्र सेना का तहसील अध्यक्ष और चंदन शर्मा को पुजारी महासंघ का तहसील अध्यक्ष मनोनीत कर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

समाजसेवी घुमरिया का अभिनंदन

गुढागौड़जी, (निसं)। चंवरा बाबा सुंदरदास के मेले में संतोषी माता मंदिर में सरपंच किरण मीणा व धर्मेंद्र मीणा द्वारा चल रहे भंडारे में शनिवार को बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में आए आदीवासी मीणा सेवा संघ के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष, समाजसेवी एवं भामाशाह मनोज घुमरिया का सरपंच किरण मीणा व ग्रामीणों ने साफा व माला पहनाकर कर अभिनंदन किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर स्वागत किया। घुमरिया ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों में आस्था के प्रति लोगों को रुचि रखनी चाहिए। जिसके चलते लोगों का मनोबल बढ़े। घुमरिया ने बाबा सुंदरदास, बालाजी महाराज व संतोषी माता मंदिर में धोक लगाई। वहीं भंडारे में बाघोली सरपंच जतनकिशोर सैनी, राकेश महरानियां, सरपंच प्रतिनिधि धर्मेन्द्र मीणा, शिवराज सांईं, शंभूदयाल रैगर, वार्ड पंच छाजूराम, रोहिताश मीणा, जग्गूराम मीणा, रणवीर मीणा, राजू मीणा, अर्चना जैफ, रजनी जैफ, विमला मीणा, अमीलाल, मनफूल, विकास सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

पाटन (निसं)। जनकल्याण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते हुए कपिल स्मारक समिति एवं शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कपिल कुंज, छावनी, नीमकाथाना में आयोजित किया जाएगा।शिविर में आँखों की नि:शुल्क जांच की जाएगी, साथ ही मोतियाबिंद के रोगियों की पहचान कर उन्हें उन्नत चिकित्सा सुविधा के लिए जयपुर स्थित शंकरा आई हॉस्पिटल ले जाया जाएगा। वहाँ उनका मोतियाबिंद ऑपरेशन, लेंस प्रत्यारोपण, दवा, भोजन, आवास एवं आने-जाने की सुविधा पूरी तरह से नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। शिविर रविवार, 7 सितंबर 2025 प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक कपिल कुंज, छावनी, नीमकाथाना में लगाया जाएगा।यह शिविर उन सभी लोगों के लिए सुनहरा अवसर है, जो आंखों की समस्याओं से पीड़ित हैं, विशेष रूप से मोतियाबिंद के रोगियों के लिए यह जीवन बदलने वाली सेवा है।

झुंझुनूं की नीलम को शिक्षक गौरव सम्मान

झुंझुनूं, (निसं)। मानव जन जागृति संस्थान द्वारा शिक्षक दिवस पर एमबी होटल चौमूं जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में झुंझुनूं की लेखिका व शिक्षिका नीलम मुकेश वर्मा को शिक्षक गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सौदागर कांदेला ने बताया कि यह चयन शैक्षिक एवं सहशैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्यों के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय योगदान को देखते हुए किया गया है। सम्पूर्ण प्रदेश के विभिन्न जिलों में से 51 शिक्षकों का चयन कर उन्हें शिक्षक गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। स्थानीय विधायक रामलाल शर्मा, आईएएस सुबीर कुमार गुप्ता, सुनिता सौदामिनी एवं मानव जन जागृति संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

लड्डू गोपाल निकले शहर भ्रमण

पिलानी, (निसं)। पिलानी के मुख्य बाजार स्थित प्राचीन गोपीनाथ जी मंदिर से लड्डू गोपाल विशाल शोभायात्रा यात्रा के साथ शहर भ्रमण को निकले। शोभायात्रा पिलानी के मुख्य मार्ग निहाली चौक, बड़ चौक, चांडक मार्ग से होते हुए जब पिलानी बाजार में आई तो श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने श्री श्याम मंदिर पिलानी के मुख्य पुजारी राधेश्याम शर्मा के सानिध्य में शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरण किया गया। इस आयोजन मे अरूण भौमिया बिल्लू, ओमप्रकाश दिनोदिया, रतनसिंह श्योराण, भोगेंद्र भौमिया, पवन कुमार शर्मा, पंकज भौमिया, अर्चित भौमिया, महिपाल सैनी, विनोद कुमार, बजरंग, पुरूषोत्तम चेजारा, रामजीलाल, अनिल भौमिया, अशोक पांडे आदि का विशेष सहयोग रहा।

शिक्षक दिवस मनाया

चिड़ावा, (निसं)। सरस्वती सीनियर सैकंडरी स्कूल चिडावा में शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य सत्यवीर सिंह भास्कर ने बताया कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जन्म दिन पर विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। संस्था चेयरमैन डॉ. पायल ने विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया तथा कहा कि समाज के उत्थान के लिए आप जैसे कर्मठ शिक्षकों की जरूरत है। आपको सच्ची लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करते रहना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सत्यवीर सिंह भास्कर एवं एकेडमिक हैड विकास सैन ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबको गुरुजनों का आदर करना चाहिए। क्योंकि देश का बड़े से बड़ा आदमी भी एक शिक्षक के द्वारा ही बनता है। इसलिए समाज के निर्माण के लिए शिक्षकों की भूमिका अहम होती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सत्यवीर सिंह भास्कर एवं एकेडमिक हैड विकास सैन सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने नानी गांव में बने बांध व डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया

■ जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने बैठक ली

सीकर, (निसं)। डिस्कॉम अध्यक्ष, जयपुर विद्युत वितरण निगम एवं जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने शनिवार को सीकर सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आपदा प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में जिले में हाल ही में हुई अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति और राहत कार्यों पर भी चर्चा की इसके साथ ही शहर चलो अभियान 2025" की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अतिवृष्टि के मध्य नजर प्रशासन को हर स्तर पर सर्तक और तत्पर रहना आवश्यक है ताकि किसी भी संभावित आपदा की स्थिति में तुरन्त राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सके।

जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने कृषि विभाग को वर्षा के मध्यनजर फसल खराबे से प्रभावित किसानों को विभिन्न योजनाओं से पात्रतानुसार संबंल एवं सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने गिरदावरी फसल नुकसान सर्वे, बीमा दावों और मुआवजा प्रकिया कि अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पशु हानि का आंकलन, पंच गौरव योजना, शहर चलों अभियान 2025 एवं सहकारिता सदस्यता अभियान की तैयारी एवं जन भागीदारी बढ़ाने के लिए सुझाव, योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। आगामी अभियानों को सफल बनाने के लिए टीम के रूप में कार्य करने और बरसात के मध्यनजर प्रोएक्टीव होकर लक्ष्यों के अनुरूप अपने प्रयासों को गति देने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को वर्षा के मध्यनजर विद्यालयों एवं आंगनबाडी केन्द्रों के भवनों का निरीक्षण कर सतर्कता बरतने को कहा।

प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने शहर चलो अभियान" के तहत अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैदानी निरीक्षण कर कार्यों को गति प्रदान करें और आगामी कार्य योजना एवं कैलेंडर शीघ्र तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने प्रभारी सचिव को जिले में आपदा प्रबंधन के लिए की गई तैयारियों, शहर चलों अभियान 2025, कानून व्यवस्था, खाटूश्यामजी में पार्किंग व्यवस्था, खाटूश्यामजी में स्वदेश योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवलगढ़ पुलिया का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे वर्ष 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

प्रभारी सचिव ने नानी बीड़ का किया निरीक्षण:- जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने रविवार को नानी बीड़ का निरीक्षण कर वर्षा जल की निकासी किये जाने के संबंध में निर्देश दिए। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने प्रभारी सचिव को बताया कि नानी बीड़ क्षेत्र में पक्षियों के संरक्षण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है तथा एसटीपी लगाने के साथ ही ड्रेनेज वॉटर को ट्रीट कर पुन: उपयोग में लाया जा रहा है। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिये कि जैविक खाद प्लांट में जो कचरा जमा है, उसे खाद में परिवर्तित कर ब्लॉकवार नगर पालिकाओं को वितरित किया जा सकता है, जिससे नगर परिषद को आय भी प्राप्त हो सकती है। इस दौरान प्रभारी सचिव ने जैविक खाद प्लांट में नगर परिषद द्वारा लगाए गये पौधारोपण कार्यों का निरीक्षण भी किया गया।

इस दौरान सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार,शहर भावना शर्मा, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत सुभाष चन्द देवन्दा, सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया,एसई पीडब्ल्यूडी जेपी यादव, सीपीओ अंजली सैनी,डीईओ सुरेन्द्र सिंह शेखावत, अधीशाषी अभियन्ता नगर परिषद प्रतिभा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नोहर में अधिवक्ताओं का आक्रोश

नोहर (निसं)। अधिवक्ता महेश कुमार छीप्पा के साथ हुई चोरी की वारदात को लेकर नोहर के अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार को अभिभाषक संघ ने पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

संघ ने चेतावनी दी कि यदि 11 सितम्बर 2025 तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो अधिवक्ता समाज एकजुट होकर नोहर पुलिस थाना परिसर का घेराव करेगा। इस दौरान सैकड़ों वकील एकत्र होकर नारेबाजी करते हुए पुलिस प्रशासन को चेतावनी भी दी। गौरतलब है कि 29 अगस्त को अधिवक्ता महेश कुमार छीप्पा बैंक से दो लाख रुपये निकालकर लौटे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाश कार का शीशा तोड़कर नकदी लेकर फरार हो गए थे। कई दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी न होने से अधिवक्ताओं में असंतोष है। अभिभाषक संघ अध्यक्ष देवीराम मायला और सचिव ओमप्रकाश सुथार ने कहा कि अब और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस प्रशासन के सामने स्पष्ट अल्टीमेटम है कि या तो आरोपियों को जल्द पकडा जाए, अन्यथा 11 सितम्बर को अधिवक्ता समाज उग्र आंदोलन करेगा।

अंतर सदनीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता

झुंझुनूं, (निसं)। राजपूताना शिक्षा मंडल द्वारा संचालित शाह मार्केट स्थित श्री जीबी मोदी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में अंतर सदनीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या रंजना मित्तल, विशिष्ट अतिथि निर्णायक वरिष्ठ अध्यापिका मंजूदेवी व व्याख्याता पूनम शर्मा ने मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय है कि मीडिया लोकतंत्र के विकास में सहायक है। जिसमें छात्र-छात्राओं ने पक्ष-विपक्ष की भूमिका निभाते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। रंजना मित्तल ने बताया कि प्रथम स्थान नेहा सैनी विवेकानंद सदन व द्वितीय स्थान मेहल राणासरिया, अनव्या जैन शिवाजी सदन रहा।

कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने घग्घर नाली बेड का निरीक्षण किया

हनुमानगढ़ (निसं)। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा शनिवार को जिले के दौरे पर रहे। बीकानेर से प्रात: 8 बजे प्रस्थान कर वे दोपहर 12 बजे हनुमानगढ पहुंचे। यहां उन्होंने टाउन-जंक्शन रोड स्थित घग्घर नाली बेड के तटबंधों का निरीक्षण किया और प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया।

मंत्री गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की सुरक्षा को लेकर गंभीर और संवेदनशील है। घग्घर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही पानी की आवक को देखते हुए तटबंधों की मजबूती, 24 घंटे मॉनिटरिंग और आमजन की सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान उनके साथ भादरा विधायक संजीव बेनीवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रमोद डेलू, पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची, एडीएम उम्मेदीलाल मीना, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता हरि सिंह व सुनील काजला सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों में अमित सहू, प्रदीप ऐरी, विकास गुप्ता, चरणदास गर्ग, नन्दलाल वर्मा, ओम सोनी, तेजेंद्र सिंह बराड, कुलवंत चहल, नितिन बंसल, जुगल किशोर गौड़, आशीष पारीक, पारस मिड्ढा व मुरलीधर सोनी भी शामिल रहे।

न्याति ब्राह्मण महासंघ की महिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

चूरू (निसं)। स्थानीय दादू भवन में श्री छ: न्याति ब्राह्मण महासंघ का वार्षिकोत्सव व महिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार शाम को हर्षोल्लास से मनाया गया।

छ: न्याति महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पारासर नारायण शर्मा के मुख्य आतिथ्य व पंडित महेश बावलिया की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश महामंत्री पल्लवी शर्मा, आनंद बाला, दिपिका शर्मा व राजीव शर्मा विशिष्ट अतिथि थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान विजय लक्ष्मी शर्मा ने मंगलाचरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष पारासर नारायण शर्मा ने कहा कि छ: न्याति महासंघ का मूल उदेश्य समाज में समता मुलक समाज बनाना है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण होगी और ब्राहम्ण समाज ने हमेशा सर्व समाज को शिक्षित व संस्कारवान बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में शिक्षा का बड़ा संगठन खड़ा किया जायेगा, जिसमें भविष्य में मेडीकल कॉलेज, इंजिनियर कॉलेज जैसी संस्थाओं का निर्माण कर समाज के प्रतिभाषाली छात्र- छात्राओं को षिक्षित किया जा सके।

उन्होंने विप्र समाज की महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपनी संतानो को संस्कार दे जिससे समाज में एकरूपता हो सके। नकारात्मक भाव रखने वाले लोगों के बारे में समाज को चिंतन करना होगा।

इस अवसर पर संरक्षक मण्डल की आनन्द बाला शर्मा ने कहा कि महिलाओं का स्थान समाज में सर्वोपरि होना चाहिए।

इस अवसर पर नव निर्वाचित महिला इकाई की जिलाध्यक्ष दीपिका शर्मा ने विश्वास दिलाया कि वे सभी को साथ लेकर समाज हित में कार्य करें। इस अवसर पर ओम सारस्वत, पूर्व सभापति विजय शर्मा, पूर्व प्रदेश महामंत्री पल्लवी शर्मा, तहसील अध्यक्ष राजीव शर्मा व जिला महामंत्री गुरुदास भारती ने भी विचार व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष पं. महेश बावलिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि महिला ईकाई का गठन महिलाओं की समस्याओं के समाधान व उनके विकास के लिए किया गया है।

इस अवसर पर विमला जोशी, विजय लक्ष्मी त्रिवेदी, यशोदा सारस्वत, सरिता इन्दोरिया, विमला शर्मा, ममता जोशी, अंजू गौड़, निर्मला जोशी, चंदा बंसिया, इशिता शर्मा, रेखा दाधीच, लिलावती दाधीच, सोनू शर्मा, निशा लक्ष्मी, नेहा दाधीच, अंजू दाधीच, सपना सारस्वत व शंकुन्तला शर्मा को प्रदेशाध्यक्ष पारासर नारायण शर्मा ने पद व गोपनियता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर फतेहचन्द सोती, डॉ. सुरेन्द्र शर्मा, योगेश गौड, शंभु पारीक, रमेश पारीक, अभिषेक शर्मा, सुरेन्द्र चुलेट, भास्कर शर्मा, नरेन्द्र काछवाल, सुरेन्द्र बावलिया, कैलाश नवहाल, सुरेश सारस्वत, राजीव बहड़, अजय दाधीच, रमाकांत शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, राजेन्द्र शर्मा मुसाफिर, बाबू पाटिल, श्रीराम पीपलवा, सुभाष महर्षि सहित अनेक विप्र समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया।

अनन्त चतुर्दशी पर जैन मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का ज्वार

सीकर (निसं)। शनिवार को दशलक्षण पर्व के समापन पर जैन मंदिरों में दर्शनार्थियों व पूजा करने वालों की भीड़ लगी रही। अनन्त चतुदर्शी के पावन पर्व पर व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर मंदिरों में जाकर उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा-अर्चना की।

जिला मुख्यालय पर स्थित आदिनाथ जैन मंदिर सेठी कॉलोनी, पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर दंग की नशिया, चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर मोचीवाड़ा देवीपुरा शांतिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर बावडी गेट और बजाज रोड आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर आदिनाथ कॉलोनी नवलगढ़ रोड पदमप्रभु संगही मन्दिर बजाज रोड महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर भारतीयों का मोहल्ला में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा-अर्चना की गई। मंत्री पवन छाबड़ा ने बताया कि श्री दिगम्बर जैन नया मंदिर में पर्वराज पर्युषण पर्व के दसवें दिन मंगलवार को सुबह में श्रीजिनेन्द्र देव की मंगलाष्टक वंदना की गई। साथ ही भक्ति पूर्वक श्रावकों ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म व अनंत चतुर्दशी की पूजा की। अनंत गुणों की पूजा व वासु पूज्य भगवान के निर्वाण पर लड्डू चढ़ाया गया।

दीवान जी की नसिया जी में विराजित दीदियों ने अपनी बात रखी रखी। कहा कि अध्यात्म मार्ग में ब्रह्मचर्य को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। ब्रह्मचर्य हमें सिखाता है कि उन परिग्रहों का त्याग करना जो हमारे भौतिक संपर्क से जुड़ी हुई हैं। जैन संत शरीर जुबान और दिमाग से सबसे ज्यादा इसका ही पालन करते हैं।

सचिन राहड जिलाध्यक्ष नियुक्त

झुंझुनूं, (निसं)। अखिल राजस्थान उच्च शिक्षा मंत्रालियक कर्मचारी संघ (अरूस्मा) के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाशचंद्र शर्मा ने जिला मुख्यालय पर स्थित आरआर मोरारका कॉलेज के वरिष्ठ सहायक सचिन राहड को जिला इकाई के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इस मौके पर संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मारोडिया ने कहा कि हमें विश्वास है कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मंत्रालयिक कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर आम कर्मचारियों को राहत प्रदान करेंगे।

'समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे'

चिड़ावा, (निसं)। कस्बे के युवा व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता सुनिल मंड्रेलिया को हाल ही में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की पूर्वी राजस्थान प्रदेश इकाई में प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर चिड़ावा में विवेकानंद चौक स्थित रूप लक्ष्मी साड़ी सेंटर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां उनका स्वागत माला और दुपट्टा पहनाकर किया गया। यह कार्यक्रम युवा वैश्य समाज द्वारा आयोजित किया गया था। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने मंड्रेलिया को मिठाई खिलाकर इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सुनिल मंड्रेलिया ने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग और प्रदेश अध्यक्ष गिरिश गर्ग ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है। वे उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि समाजहित के कार्यों को आगे बढाने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को एक जाजम पर लाने के लिए कार्य होंगे। इस मौके पर सोनू मंड्रेलिया, यश बाछुका सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने सुनील मंड्रेलिया के इस पद पर आने पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इधर, रिटायर्ड सीनियर आरपीएस सुंदरलाल अरड़ावतिया, चिड़ावा डीएसपी विकास धींधवाल, पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष केके गुप्ता, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान नूआंवाला, अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं के अध्यक्ष गणेश हलवाई चिडावा वाला, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदर प्रसाद हिम्मतरामका, व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश मालानी, भाजपा के पूर्व नगर मंडल महामंत्री राकेश सर्राफ, अमित सुशील गोयल, अनिल रामभरोसा, मनोज फतेहपुरिया, प्रिंसिपल प्रदीप मोदी, आदि ने भी मंड्रेलिया को बधाई दी है।

शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

सादुलपुर, (निसं)। बह्मकुमारी सेवाकेंद्र के सभागार में ब्र. कु. शोभा बहन के सानिध्य में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अध्यक्ष राकेश कुमार अरोडा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका राजगढ, मुख्य अतिथि सम्पत बारूपाल से.नि. उपनिदेशक, विशिष्ट अतिथि डॉ दीपचंद साहू निदेशक राजस्थान ग्रुप ऑफ एजूकेशन, मुख्य वक्ता अनीता चौधरी प्रधानाचार्य रा उ मा वि न्यांगल थे।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात् बालिका सोनू व नताशा ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत की प्रस्तुति दीं। इस अवसर पर सुमन पूनियां प्रधानाचार्य रा उ मा वि, लसेडी व अनिल कुमार व.अ. महात्मा गांधी उ मा वि सादुलपुर को तहसील स्तर पर उत्तम शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। इनको समाजसेवी अनवर बेग के सौजन्य से अतिथियों द्वारा माला, दुपट्टा, रजत पदक व प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। महिला मंडल की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षिका ओमवती पूनिया को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सम्पत बारूपाल ने शिक्षक सम्मान की परम्परा व भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि डॉ दीपचंद साहू ने शिक्षक को राष्ट्र के उत्थान में शिक्षक के योगदान को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता अनीता चौधरी ने शिक्षक दिवस के महत्व का वर्णन करते हुए साहित्य समिति की उत्तम शिक्षक चयन प्रक्रिया को पूर्णत: पारदर्शी बताया।

ब्र.कु. शोभा बहन ने परमात्मा को परम शिक्षक बताते हुए जीवन में राजयोग को प्रतिपादित किया। सम्मान प्राप्त प्रधानाचार्य सुमन पूनियां ने कहा इस विशिष्ट सम्मान को प्राप्त करने के पश्चात् उनका दायित्व और अधिक बढ गया है।

युवा साहित्यकार संजय सिहाग ने स्वरचित कविता की प्रस्तुति दी। समारोह अध्यक्ष राकेश अरोडा ने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों के अध्ययन के साथ उनके जीवन निर्माण के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए।

समिति की ओर से अतिथियों व समाजसेवी अनवर बेग को प्रतीक चिह्न प्रदानकर सम्मानित किया। गया। समिति के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम देव पांडिया ने आगंतुकों के प्रति स्वागत व अध्यक्ष डॉ रामकुमार घोटड ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन समिति के मंत्री अनिल शास्त्री ने किया।

जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 17 वर्ष व 19 वर्ष बालक-बालिका के मुकाबले जारी

सादुलपुर, (निसं)। 69वीं जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 17 वर्ष व 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग जो कि रा उ मा वी लसेडी के खेल मैदान पर 3 सितंबर से जारी हैं में शनिवार को प्राचार्य सुमन पूनिया ने प्रधानाचार्य नरेश बिशु के साथ निरीक्षण कर परिचय लिया तथा आज मुख्य रोमांचक मुकाबलों में लसेडी ने पेनल्टी शूट में खारिया को पराजित किया।

दोपहर तीन बजे दी जानकारी के अनुसार उधर 17 वर्ष बॉयज वर्ग में रामदेवरा ने कादिया स्कूल को 2-0 से हरा दिया और उदासर बिदावतान ने बिसलान को 3-0 से हराया। वहीं 17 वर्ष बॉयज में ही खैरू बडी की टीम ने खवाजा गरीब नवाज स्कूल मोडावासी को 3-0 से हराकर बढत बनाई। जबकि कमजोर टीमें आउट हो चुकी हैं और तगडे रोमांचक कांटेदार मुकाबले जो कि देखने लायक है, तथा दर्शक भी बढ गए हैं और अब ऐसे हैरत अंगेज मुकाबले जारी हैं। प्रेस मीडिया ड्यूटी में लगे शिक्षक मनोज पूनिया ने बताया कि अब जीत के नजदीकी फाइनल मैच बचे हैं।

वहीं 19 वर्षीय छात्रा वर्ग में बम्बू सुजानगढ की टीम ने लसेडी स्कूल की टीम को 2-0 से पराजित कर दिया। इसी प्रकार से चैनपुरा बडा ने नोरंगपुरा को 2-0 के अंतर से हरा कर बढत बनाई। और 19 वर्ष बालक वर्ग में बहुत ही खतरनाक मैच हुआ, जिसमें बीआरजेडी न्यांगल ने कांधराण को 2-0 से हराकर मुख्य मुकाबलों में जगह बना ली है। नवीन पूनिया, राजेन्द्र नेहरा, ओमवीर बलौदा, चांदवीर पूनिया, अमरसिंह छिम्पी, जगदीश प्रजापत, सूबेदार नोरंग पूनिया, मीरसिंह बेनीवाल, हरफूल पायल, सुनील फौजी, मदन, सुमेर स्वामी, शिक्षक कृष्ण कुमार पूनिया, रमेश पूनिया लसेडी, सुनील कुमारी, सुनीता देवी,